त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

मुख्यमंत्री नये कार्यालय भवन का नामकरण राज्य की गरिमा के अनुरूप करें - राज्यपाल

लखनऊ: 12 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को पत्र लिखकर उनके नये कार्यालय भवन के लिए बधाइ्र दी है। राज्यपाल ने अपने पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री नये कार्यालय भवन का नामकरण राज्य की गरिमा के अनुरूप करें। लोकतांत्रिक व्यवस्था के शिष्टाचार में मंत्री का पद सचिव से ऊपर होता है इसलिये मुख्यमंत्री व मंत्रियों के कार्यालय का नामकरण उसके अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मुख्यमंत्री कार्यालय का नाम सचिवालय से अलग होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल को समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ था कि मुख्यमंत्री के नवनिर्मित कार्यालय की इमारत तैयार हो गई है तथा स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त, 2016 को झण्डारोहण के साथ उसका विधिवत उद्घाटन भी होना है।

राज्यपाल ने इससे पूर्व 3 अगस्त, 2015 को नये कार्यालय भवन के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित करते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री के कार्यालय को सचिवालय कहने की बजाय ‘मंत्रालय‘ कहना अधिक सार्थक और सारगर्भित होगा। सचिवालय, सेक्रेटेरिएट जैसे शब्द ब्रिटिश हुकूमत के परिचायक हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (287/17)